दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 168 मुरादाबाद, 07 October 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार

### देवरिया सामूहिक हत्याकांड: बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, अनमोल के घरवालों से की मुलाकात



डिप्टी सीएम ने देवरिया सामूहिक हत्याकांड में घायल अनमोल के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से पूरी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। इसके बाद उन्होंने डेंगू व मलेरिया को लेकर अस्पतालों में स्पेशल बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि सीएचसी व पीएचसी सेंटरों पर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएं। यह है मामला- बता दें कि देवरिया जिले में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सोमवार को सुबह छह बजे जमीन के विवाद में एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। इससे गुस्साएं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पति, पत्नी और उसके तीन संतानों को गोली मारकर और धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी, जबकि एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कन्नौज: तीन बार विधायक रहे अनिल दोहरे का अंतिम संस्कार, अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि...परिजनों से भी मिल

पूर्व विधायक अनिल दोहरे के निधन की जानकारी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव, शिवपाल यादव ने दुख जताया है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उनके मुकाबले लड़े असीम अरुण ने भी सोशल मीडिया पर दुख का इजहार किया है। समाजवादी पार्टी के टिकट पर कन्नौज सदर सीट से तीन बार विधायक रहे अनिल दोहरे का गुरुवार को निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमारी की चपेट में थे और लखनऊ के पीजीआई में इलाज चल रहा था। उधर, उनके निधन की जानकारी आते ही जिले में शोक की लहर छा गई। शुक्रवार को पूर्व विधायक अनिल दोहरे के निधन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव उन्हें श्रद्धांजलि कन्नौज स्थित उनके आवास पहुंचे। पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके परिवार से मुलाकात की। पूर्व विधायक की पत्नी और बच्चों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। हर मुश्किल घड़ी में साथ देने का वादा किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपना सच्चा सिपाही खो दिया। बहुत कम उम्र से ही सपा को गांव-गांव पहुंचाने वाले अनिल दोहरे ने पार्टी की मजबूती के लिए खूब संघर्ष किया। जनता से लगाव के कारण तीन बार विधानसभा पहुंचे। पार्टी को उनकी कमी हमेशा खलेगी।



### लगातार चुनाव जीतकर पहुंचे थे विधानसभा

बता दें कि जिले की सियासत में कद्दावर नेताओं में शुमार और सपा की ओर से मुख्य दलित चेहरा रहे अनिल दोहरे मूलरूप से जलालाबाद ब्लॉक के टिकइयापुरवा के निवासी थे। उन्होंने लगातार तीन बार कन्नौज सदर विधानसभा सीट से कामयाबी हासिल की थी। वह 2007, 2012 और 2017 में लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### अनिल दोहरे पार्टी के बड़े नेताओं के चहेते भी थे

सपा शासन के दौरान उन्हें प्रदेश एसएसी-एसटी आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। साफ-सुथरी छवि के रूप में पहचान रखने वाले अनिल दोहरे पार्टी के बड़े नेताओं के चहेते भी थे। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव से लेकर पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के करीबी नेताओं में शुमार थे।

### सियासी जगत में शोक की लहर है

निर्विवाद छवि के कारण ही सपा ने उन्हें जिले में सदर विधानसभा सीट का सबसे अहम चेहरा बना रखा था। लगातार तीन बार जीत कर उन्होंने अहमियत भी साबित की थी। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के असीम अरुण के मुकाबले कड़े मुकाबले में जीत का चौका लगाने से चूक गए थे। अब उनके निधन की खबर से सियासी जगत में शोक की लहर है।

### हालत गंभीर होने पर लखनऊ में डटे थे समर्थक

पूर्व विधायक अनिल दोहरे की हालत गंभीर होने की जानकारी पर पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा उनके करीबी व समर्थकों का हुजूम लखनऊ में डटा हुआ था। लखनऊ से लेकर गुरुग्राम में इलाज के दौरान भी कई लोग उनके साथ रहे। पिछले दिनों दोबारा पीजीआई में भर्ती होने पर पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने भी अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना था।

### पिता मंत्री, पत्नी रह चुकी हैं जिला पंचायत अध्यक्ष

पूर्व विधायक अनिल दोहरे का छोटा सा परिवार है। उनके पिता बिहारी लाल दोहरे भी विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस की सरकार में वह स्वास्थ्य मंत्री रहे थे। अनिल की पत्नी सुनीता दोहरे जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं। दोनों के एक बेटा यश दोहरे और बेटी यश्नवी दोहरे है। दोनों उच्छ शिक्षा हासिल कर रहे हैं।

### अखिलेश, शिवपाल, असीम अरुण ने जताया दुख

पूर्व विधायक अनिल दोहरे के निधन की जानकारी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव, शिवपाल यादव ने दुख जताया है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उनके मुकाबले लड़े असीम अरुण ने भी सोशल मीडिया पर दुख का इजहार किया है।

## जाति जनगणना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आंकड़ों पर रोक लगाने से किया इनकार, बिहार सरकार को भेजा नोटिस

तीन अक्तूबर को याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि बिहार सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े प्रकाशित कर दिए हैं। ऐसे में इस पर जल्द सुनवाई की जानी चाहिए। इस पर आज अदालत में सुनवाई हुई। बिहार में जाति जनगणना को लेकर दायर याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार सरकार को उसके जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया और कहा कि वह राज्य को कोई भी नीतिगत निर्णय लेने से नहीं रोक सकता। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने पटना हाईकोर्ट के एक अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक औपचारिक नोटिस जारी किया, जिसमें बिहार में जाति सर्वेक्षण को मंजूरी दी गई थी। इसने मामले में अगली सुनवाई जनवरी में होगी।

### यह है मामला

दरअसल, याचिकाकर्ता ने जातिगत जनगणना का विरोध किया है। तीन अक्तूबर को याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि बिहार सरकार ने जाति सर्वेक्षण के आंकड़े प्रकाशित कर दिए हैं। ऐसे में इस पर जल्द सुनवाई की जानी चाहिए। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए छह अक्तूबर की तारीख दी थी। बता दें, पहले बिहार सरकार की ओर से सर्वे से जुड़ा आंकड़ा प्रकाशित नहीं करने की बात की गई थी। इसके बाद इसे प्रकाशित कर



दिया गया। इसे लेकर अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। मामले को लेकर आज सुनवाई हुई। अदालत ने बिहार सरकार को जाति सर्वेक्षण के और आंकड़े प्रकाशित करने से रोकने से इनकार कर दिया है। हम किसी पर रोक नहीं लगा रहे- शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि राज्य सरकार आगे और आंकड़े जारी न करे। पीठ ने कहा, 'हम इस समय कुछ भी नहीं रोक रहे हैं। हम राज्य सरकार या किसी भी सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से नहीं रोक सकते। यह गलत होगा।' याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि मामले में गोपनीयता का उल्लंघन है और हाईकोर्ट का आदेश गलत है। इस पर पीठ ने कहा कि चूंकि किसी भी व्यक्ति का नाम और अन्य पहचान प्रकाशित नहीं की गई है, इसलिए यह तर्क कि गोपनीयता का उल्लंघन हुआ है, सही नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा, %अदालत के विचार के लिए अधिक महत्वपूर्ण मुद्दा आंकड़ो का विवरण और जनता के लिए इसकी उपलब्धता है।%

### लोकसभा चुनाव से पहले जारी किए आंकड़े

बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने बीते सोमवार को बहुप्रतीक्षित जाति आधारित गणना के आंकड़े जारी किए थे। लोकसभा चुनाव से पहले जारी आंकड़ों के मुताबिक, राज्य की कुल आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की हिस्सेदारी 63 फीसदी है।

### बिहार की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक

बिहार के विकास आयुक्त विवेक सिंह द्वारा यहां जारी आंकड़ों के मुताबिक, बिहार की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है। इसमें ईबीसी (36 फीसदी) सबसे बड़े सामाजिक वर्ग के रूप में उभरा है, इसके बाद ओबीसी (27.13 प्रतिशत) है। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि ओबीसी समूह में शामिल यादव समुदाय जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़ा सुमदाय है, जो प्रदेश की कुल आबादी का 14.27 प्रतिशत है।

## झूठा है शराब घोटाला : सीएम केजरीवाल बोले- केस में पार्टी को फंसाने की कोशिश, संजय सिंह के करीबियों से पूछताछ

शराब घोटाले पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि इन्होंने कहा स्कूल के क्लासरूम बनाने, बिजली, सड़कों के निर्माण, पानी में घोटाला हुआ है। सारी जांच करा ली। लेकिन कुछ नहीं निकला। अब पता चल रहा है कि यह पूरा शराब घोटाला ही फर्जी है। इनके पास एक भी सबूत नहीं है।प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह के करीबियों को समन जारी किया है।तो वहीं सीएम केजरीवाल ने एक बार फिर भाजपा और पीएम मोदी पर निशाना साधा। संजय सिंह के करीबी सर्वेश मिश्रा, कंवरबीर सिंह और विवेक त्यागी को तलब किया गया है। ताकी आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सके। खबर के मुताबिक, संजय सिंह ने सर्वेश को एक करोड़ रुपये दिए थे। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आप और भाजपा में बयानबाजी का सिलसिला लगातार जारी है। सीएम केजरीवाल ने कहा- पार्टी को झूठे केस में फंसाने की हो रही कोशिश- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गाजीपुर लैंडफिल साइट पर पहुंच कर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झूठे केस लगाकर पार्टियों को फंसाने की कोशिश हो रही है। ये हालात लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। शराब घोटाला फर्जी है। एक पैसे का लेनदेन नहीं हुआ। एक सबूत नहीं है। थोड़े दिन में शराब घोटाला बंद हो जाएगा। फिर एक और ले आएंगे। तंग और टॉर्जर करके जबरदस्ती बयान लिए हैं। इन लोगों की नीयत खराब है। दिल्ली में इतने काम हो रहे हैं। केजरीवाल ने 1000 स्कूल बनाए, आप 2000 स्कूल बनाओ। इसमें बड़प्पन है। आप खुद काम नहीं करते हैं। 24 घंटे एजेंसी भेज रहे हैं। किसी की पार्टी तोड़ रहे हैं। सीएम केजरीवाल ने कहा कि वे हमारी खिलाफ जांच कर रहे हैं। अभी तक कुछ भी सामने नहीं आया है। आपने कल सुप्रीम कोर्ट को सुना। पूरे का पूरा शराब घोटाला फर्जी है। एक पैसे का लेन देन नहीं हुआ। जज ने कोर्ट में ईडी से सबूतों के बारे में पूछा। लेकिन उनके पास कुछ भी नहीं था। ईडी दफ्तर पहुंचे सर्वेश मिश्रा- प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जारी हुए समन के बाद संजय




सिंह के सहयोगी सर्वेश मिश्रा दिल्ली में ईडी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि सच्चाई की जीत होगी। ईडी ने संजय सिंह के तीन सहयोगियों विवेक त्यागी, सर्वेश मिश्रा और कंवरबीर सिंह को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया है। सुधांशु त्रिवेदी का आप पार्टी पर तंज- मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा प्रवक्ता और बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारा मानना है कि यह देश के उन लोगों के लिए विचार का भोजन है जो प्रयोगात्मक राजनीति की बात करते हैं। यह प्रयोगात्मक राजनीति का समय नहीं है। प्रयोगात्मक राजनीति के परिणाम देश के लिए खतरनाक हो सकते हैं। अन्ना आंदोलन से निकली आप के चरित्र ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। कोर्ट ने संजय सिंह को भेजा पांच दिन की रिमांड पर गिरफ्तार राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 10 अक्तूबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया गया। मामले में ईडी ने 10 दिन के हिरासत की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने सुनवाई के दौरान ईडी के समक्ष कई सवाल उठाए। राउज एवन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया। ईडी ने संजय सिंह का 10 दिन का रिमांड मांगते हुए कहा कि वह मामले में पूरी तरह से लिप्त हैं।

### रिमांड से पहले ईडी के वकील ने रखी दलीलें

ईडी के वकील ने कहा कि संजय के घर से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। गवाहों और अन्य आरोपियों से आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने के लिए रिमांड स्वीकार किया जाए। अदालत ने ईडी से सवाल किया कि मामला काफी पुराना है और यदि आपके पास साक्ष्य थे तो गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों हुई।

### कोर्ट ने पूछा गिरफ्तारी में इतनी देरी क्यों

अदालत ने ईडी से सवाल पूछा है क्या आपने फोन कब्जे में ले लिया? ईडी के वकील के हां में जवाब देने पर अदालत ने कहा जब फोन आपके पास है तो फिर इसमें आरोपी के साथ इसका आमना-सामना कराने की क्या जरूरत बचती है? आप डेटा वैसे भी निकाल सकते हैं। सबूत है तो गिरफ्तारी में देरी क्यों। ईडी के वकील ने कहा कि गवाहों के बयानों के आधार पर गिरफ्तारी हुई है। गवाहों के बयान अभी हुए है वे सरकारी गवाह बने हैं। गवाह दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह के करीबी हैं। ईडी ने मामले में 239 स्थानों पर छापा मारा है। आरोप है कि संजय के घर दो बार में दो करोड़ का लेनदेन हुआ। संजय के कर्मचारी सर्वेश ने पैसे लिए है। संजय सिंह के फोन से डेटा मिला है।

### यदि मै दोषी हूं तो सजा दी जाए-संजय सिंह

संजय सिंह के वकील मोहित माथुर ने रिमांड का विरोध करते हुए कहा कि ईडी के पास एक भी सबूत नहीं है। उन्होंने इसे राजनीतिक मामला बताया। मोहित ने कहा कि एक साल से जांच जारी होने के बावजूद अदालत के समक्ष कोई साक्ष्य नहीं रखा गया। एकमात्र गवाह दिनेश अरोड़ा के बयान को आधार बनाकर उनके मुवक्किल को फर्जी मामले में फंसाया गया है। अरोड़ा को पहले सीबीआई और ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह अचानक गवाह बन गया। उसके बयान पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। इसके अलावा एक अन्य आरोपी पर तीन करोड़ लेने का आरोप है ओर उसकी अग्रिम जमानत पर ईडी ने विरोध तक नहीं किया। उन्होंने कहा ईडी ने आठ घंटे सांसद के घर की तलाशी ली जिसमें कोई साक्ष्य नहीं मिला। सबसे महत्वपूर्ण है कि जिस सर्वेश पर पैसे लेने का आरोप है उसका बयान तक दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा ईडी ने अभी तक उन्हें रिमांड आवेदन की प्रति तक नहीं दी गई। ईडी को रिमांड की प्रति देने का निर्देश दिया जाए।

संजय सिंह ने कहा कि आखिर गवाहों को इतनी देर से मेरा नाम कैसे याद आया वहीं संजय सिंह ने अदालत के समक्ष कहा कि मैं इतना अनजान आदमी तो नहीं कि गवाह को मेरा नाम याद नहीं आया। दिनेश अरोड़ा को भी मेरा नाम याद नहीं आया। अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने सारा बयान मेरे खिलाफ दिया। अगर मेरी गलती है तो मुझे सजा दें। वहीं अदालत में पेशी के दौरान ईडी ने उनको मीडिया से बात नहीं करने दी। हालांकि संजय सिंह ने कोर्ट में जाते हुए कहा अन्याय है मोदी जी का। मोदी जी चुनाव हार रहे हैं इसलिए ऐसा कर रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Implications of arrest

After Manish Sisodia, former Deputy Chief Minister of Delhi Government, and Satyendra Jain, former Health Minister, Rajya Sabha MP Sanjay Singh has been arrested. The Enforcement Directorate has considered Sisodia and Sanjay as the main accused in the Delhi liquor scam. Sisodia is in jail since February 26, 2023 and has not been granted bail at any level by the court at present. Satyendra Jain is currently on interim bail due to health reasons after spending about one and a half years in jail. These leaders are prominent faces of the ruling Aam Aadmi Party (AAP) in Delhi, hence the question is who will be next in this series? Will Chief Minister Kejriwal be found involved in the liquor scam conspiracies, as all the criminal accused were close to him and had been meeting him? MP Sanjay Singh's name was already in the charge sheet of the Enforcement Directorate, which the MP had given the investigating agency the courage to challenge. Finally, on Wednesday, October 4, after 10 hours of intensive interrogation and search, the ED arrested Sanjay Singh. Now the judicial decision is pending before the court. We cannot confirm the 'money trail' of Rs 100 crore that the investigating agency has revealed or the corrupt activities on the basis of which Sanjay Singh has been accused. This is the responsibility and prerogative of the court, but some questions and doubts can definitely be raised. Delhi businessman Dinesh Arora is also accused in the liquor scam, but he has become a 'government witness', hence investigation is natural on the basis of the revelations made by him. Why did Sanjay Singh and Dinesh Arora organize fund raising programs for AAP? Why was a check of Rs 32 lakh given to the then Deputy Chief Minister Manish Sisodia only on the request of the MP? Why was the meeting of Sisodia and Dinesh arranged in a restaurant only on the mediation of Sanjay? Did Sisodia share the draft of liquor policy with Dinesh? If so, then the blame for privacy violation also applies. The most serious and doubtful question is why the meeting of businessman Dinesh with Chief Minister Kejriwal was conducted only in the presence of Sanjay Singh? In view of these questions, the heat of involvement and collusion seems to be reaching the Chief Minister also. The question is also that out of the alleged bribe of Rs 100 crore given by the southern business group, did Vijay Nair get Rs 70 crore and Dinesh Arora get Rs 30 crore? Nair was in charge of the communication department of AAP. The Chief Minister had verified that Nair was his own man, he could be trusted. The 'government witness' has also revealed that Sanjay Singh had also helped him in solving a case. Of course, whether any AAP leader took bribe money or not is not corruption, but being involved in criminal attempts makes them an 'accused'. This arrest is not related to the questions asked on Adani in Parliament or the open opposition to Prime Minister Modi or the uneasiness arising from Kejriwal's politics. The Prime Minister or the ruling party are not afraid of such protests. This is the ridiculous politics of AAP. It can be assumed to some extent that government investigative agencies have been misused after 2014. About 95 percent of the cases have been registered against opposition leaders. During this period, ED itself has seized assets and cash worth more than Rs 1 lakh crore. These have been challenged in the court. Ultimately, investigating agencies like CBI and ED are answerable to the court. The entire case of the MP has to go before the court. She will decide the remand, but the important truth is that the politics of honesty and purity that AAP had come to pursue is facing many questions and the leaders of AAP are getting exposed. Kejriwal or party spokesperson may keep making statements.

# Vigilant arrangements necessary

It can be assumed that some crazy person wrote controversial and separatist slogans on the wall of Dharamshala, but for this audacity, there will definitely be a complaint from the law and order authorities. Especially when police guards were deployed for the Cricket World Cup, this burglary resulted in the signatures of Khalistan supporters being written on the walls. Obviously, by doing this, a shameless attempt is being made to challenge the integrity of the country and for the second time in this series, the organization of Gurpatwant Singh Punnu, sitting across the border, is troubling the walls of Dharamshala to get its name out. Earlier, a series of Khalistani flags were shown outside the Tapovan Assembly complex. Some things are common in both these developments, that is, the disturbance of divisive forces is being measured in Himachal. There is an influx of such conspiratorial elements again and again from the areas adjacent to Punjab. In such a situation, our own surveillance and police arrangements are the same as before. The border sensitivity of Himachal reflects not only the threat of anarchist and separatist elements of Punjab, but also the challenges of Kashmir problem and suspicious activities of China on the international border. What have we done till date in this regard? Of course, such incidents were strictly observed in the identification of crimes, but to keep an eye on international conspiracies, the entire process will have to be changed. Even today, the police department is seen in Himachali conduct, whereas every year three times its population is coming to this state from outside. It is not necessary that those whom we are welcoming as tourists will not disturb our peaceful atmosphere. Infiltration into the skin of tourism has already given clues to some international conspiracies. The drug trade spreading in the state is corrupting human character like an evidence in the web of all these conspiracies, and then it becomes a weapon for the anti-national forces to mislead on the basis of money. In such a situation, Himachal should change its police arrangement and methods of demonstration. The irony is that the state which wants to increase the figure of tourist arrivals to five crore in the next few years, does not have any mechanism to keep an eye on them. As a result, our gateways are merely welcoming and ignoring the threats coming from outside. There is a need to monitor the registration of tourists and their travel through an app. Due to lack of thorough checking and day and night patrolling of the groups entering Himachal through private vehicles, many types of elements are roaming around. At least taking lessons from these two and previous disruptive incidents, Himachal will have to increase its efforts and arrangements for vigilance. As we have been saying earlier also, apart from making BBN and Noorpur a police district in the border area of Himachal, some more police districts should be identified in Sirmaur and Una. A border range of all the frontier police districts will have to be created and its headquarters will be operated under an additional DGP in BBN. Under the BBN headquarters of the police, the responsibility of border surveillance, active role against drugs, checking of tourism entry and industrial security will be given. Along with this, by forming police commissionerates for the urban population like Shimla, Dharamshala, Mandi and Solan in the state, the rural police system will also have to be implemented. The police department has been instructed to move out of Shimla and face all the law and order challenges.

# How to become monkey free

Are monkeys still a treasure of the jungle or are humans no match for them? Still, humanity dominates the question of man's existence. The Wildlife Protection Act does not consider the monkey as such a species that it should not be looked at with lethal intent, yet the restriction is that it should not be harmed within the forest. This time the question is about permission to kill the unruly monkey, while the issue related to it is also mentioned in front of the population of Himachal. That is, if the public wants, it can throw a dangerous stone towards the unruly monkey, but in the eyes of religion, it has not yet found a target which can put an end to such mischief with a bullet. Once the Dhumal government launched a proper campaign and some shooters were deployed, but the then so-called national media, especially the Himachali anchor of a news channel, turned this action into gunpowder. Obviously the Forest Department is such a watchdog which wants to be strict towards Himachal, but does not take responsibility for the human problems caused by it. Wildlife is also a similar forgotten responsibility. Monkeys don't know the limits of the forest. In the morning, destroy fruits on someone's roof or tree and then in the evening, with mischief, preserve yourself in the sanctuary of the forest. Obviously, neither the social life nor the paths of development know when the forest standing on seventy percent of the land of Himachal will declare its supremacy. What kind of forest conservation is this which remains a hindrance in the state's peaceful access to natural resources? The basic theme should be that if wild animals are creating havoc outside the forest, then it is the fault of the forest policy and management. There should also be an assessment of the damage caused by monkeys and wild animals so that it can be compensated. The surprising thing is that if the state has to pass the vehicle of its development through the forest, then in return it has to pay the same amount of greenery and the price, but when the animals of the forest make living in the settlements and farming in the fields illegal, then the forest department No responsibility is fixed. The land under forests in some parts of Hamirpur, Una, Kangra, Mandi, Chamba and Sirmaur should be used 100% for the betterment of humans, but the forests there have surrounded the human settlements with a disgusting experience. In areas like Badsar-Bijhri of Hamirpur itself, farming has been ruined due to the brunt of forest wealth. Farmers do not consider the monkey as the trust of the forest, but as the messenger of their destruction who has the patronage of the forest department. The figures given regarding sterilization of monkeys are not certified. If this were proven, then the number of monkeys near the settlements would have reduced, but the social scenario shows that every year and several times a year, the breed of monkeys is taking a new and frightening form. In such a situation, permission to use weapons against aggressive monkeys may seem admirable, but for this, determination from the state is necessary. The resolution should work together with forest, horticulture, agriculture and administration to decide how many fields or gardens will be free from monkeys every year. All these departments should give an affidavit to the farmers and gardeners as well as to the common man that which area will be declared monkey free and how much success has been achieved in this regard, otherwise no matter how many announcements are made against the menace of monkeys, it will bring tears to the people fed up with it. There is no evidence of wiping. The government will have to deal with monkeys on a large scale.

## Footsteps of 'Great Earthquake'

On the afternoon of Tuesday, October 3, the earth suddenly shook and we staggered and almost fell. Immediately realized that it was an earthquake. Everyone left their work and went out of their homes and offices, but that day there were such movements within the earth that there were two earthquakes at an interval of half an hour. The magnitude of the latter earthquake was measured at 6.2. The Himalayan region of Nepal was the epicenter of the earthquake, but many cities in North India, including the capital Delhi, felt the tremors and tremors. This intensity of earthquake is also dangerous and fatal. It was God's grace that tragic news of loss of life and property did not come from anywhere. Some people have been injured in Nepal and the wall of an old building has collapsed. However, seismologists have been repeatedly assessing and predicting that these earthquakes are the footsteps of a 'great earthquake'. Such a 'great earthquake' can occur any time in 50, 100 or 200 years. Even experts are not able to estimate its exact time. If a 'great earthquake' occurs, then circumstances of 'mahapralaya' will be created and devastation and tragedies will occur on a large scale. Turkey's earthquakes can be considered a sign of a possible cataclysm. If the earthquake intensity crosses 7 and comes closer to 8, then more than half of the buildings in the capital Delhi and the surrounding area will not be able to withstand the seismic vibrations. In August this year, we have felt earthquakes of more than 6 magnitude half a dozen times. However, the number of earthquakes is continuously increasing. The question is not why earthquakes occur or why the plates within the Earth collide with each other? These questions are currently beyond the research of our scientists and geological experts, but the basic concern is that we are careless despite constantly shaking and shaking from earthquakes. Professor Anil Gupta of National Disaster Management Institute analyzes that multi-storey buildings have been built in the societies of the capital Delhi. Small scale builders are also constructing such buildings. Whether those buildings are being constructed with anti-earthquake technology or not, whether the buildings still have the capacity to withstand earthquakes or not, what are the effects of enduring heat, sunlight, rain for a long time on the buildings or is there water seeping under the buildings, So no matter how much dampness there is, all these situations are neither properly and continuously investigated nor are there any strict rules and regulations. Certainly, earthquake shocks are weakening the strength of our constructions. It is not only the capital Delhi that is of concern, but Jammu and Kashmir, Himachal, Uttarakhand, Uttar Pradesh, many parts of Bihar, Kutch Rann of Gujarat, all the north-eastern states, Andaman-Nicobar Islands etc. are earthquake-sensitive areas. These are classified in Zone 4 and 5. That means these areas are situated on the verge of destruction and death. We have seen and read about Nepal's 7.9 magnitude earthquake in 2015. How many people were killed and how many buildings were reduced to debris. In history, earthquakes of 8.1 magnitude in Shillong plateau in 1897, 7.8 magnitude in Kangra in 1905, 8.3 magnitude in 1934 on Bihar-Nepal border and 8.5 magnitude earthquake on Arunachal-China border in 1950 are recorded. Our generation could not see or feel them, but these were the most deadly and horrific earthquakes in history. Recently, quoting a report, it has been estimated that if an earthquake of magnitude 7 occurs, 80 percent of the buildings in the capital Delhi will be 'unsafe'. The Himalayan belt is considered the most sensitive to earthquakes. Many earthquakes of high intensity have occurred in this area of about 2400 km. There has also been a lot of wastage. The underlying cause is the Himalayan Thrust, which is pushing the Indian Plate beneath the Himalayan wedge, resulting in frequent and numerous earthquakes. Recently it was claimed that soon scientists can reach the conclusion about when an earthquake can occur. More or less, warning can be given before an earthquake occurs.

# कुन्तेश सैनी जिला प्रभारी समाजवादी पार्टी मुरादाबाद की महिलाओं की बैठक ली

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ



मुरादाबाद- माननीय कुन्तेश सैनी जिला प्रभारी समाजवादी पार्टी मुरादाबाद की महिलाओं की बैठक ली तथा महिलाओं को अवगत कराया और 2024 के चुनाव के मद्देनजर रखते हुए बूथ वाइज कार्य करने के लिए अवगत कराया तथा जिन लोगों के वोट नहीं बजे हैं उनके वोट बनवाने की अपील की और विधानसभा अध्यक्ष की कमेटी को घर-घर जाकर समाजवादियों की नीतियों से अवगत कराया और महिलाओं को पार्टी के प्रति अपने दायित्व निर्वाह करने की अपील की और बढ़ती महंगाई जैसे गैस सिलिण्डर, पेट्रोल, घरेलु वस्तुएं जैसी समस्याओं से महिला परेशान है तथा महिलाओं की सुरक्षा व भ्रष्टाचार को उखेड़ फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन का होना जरूरी है। सब मिलकर कार्य करेंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा सीटें आएं और हमारी समाजवादी पार्टी का झंडा ऊंचा रहे और 2024 के चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। एक मातृ शक्ति महिला ऐसी है जो घर से लेकर राजनैतिक तक कार्य कर सकती है। अगर महिला दुर्गा का रूप होती है। तो वह सिर का ताज भी पहन सकती है और भाजपा जैसी पार्टी को भी उखेड़ कर भी फेंक सकती है। महिलाओं को 2024 के मिशन को पूरा करने के लिए आदेश निर्देश दिए गए हैं। आज की बैठक का संचालन महासचिव ने किया और श्रीमती शीरीगुल जिला अध्यक्ष ने महिलाओं को अपने विचार विमर्श किए और बैठक में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं मौजूद रहीं। जैसे रेशमा परवीन, बीना, विश्नोई, अन्जुम, साबरा, तलत, बुशरा, किश्वर जहां, नईमा बी, राकेश राठी, विमला कश्यप, रहमत जहां, शुभायला, तरन्नुम, अंजुम, नुसरत, रेशमा, डॉ. सलमा नासिर, विभूति, कौसर जहां, बिलकिस, ज्योति रानी, नाजिश खान, बबीता, सुधा शर्मा, शहाना, रोबिना, शाहीन, तबस्सुम, नूरी, निशा, सगीरा रानी, सायबीन, सदफ, फातिमा, तलत, बुशरा, सायरा, एकता कुमारी, कविता, मोनिका नाजुक आदि मौजूद रहीं।

# हरित जन्मदिन मनाएं आओ धरा को हरा भरा बनाएं और प्रकृति का हरित कवच बढ़ाएं

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ



मुरादाबाद-प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट , मुरादाबाद की ओर से वन्य जीव सप्ताह के तहत हरित जन्मदिन मनाएं , आओ धरा को हरा भरा बनाएं प्रकृति का हरित कवच बढाएं अभियान अंतर्गत प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) मुरादाबाद की ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल के 10 वें जन्मदिन के अवसर पर औषधीय पौधे हरसिंगार के पौधे का रोपण हर्बल पार्क नया मुरादाबाद में पौधरक्षण की भावना से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के अवसर पर नाजिम सैफी ने कहा कि जन्मदिन पर पौधारोपण और पौधरक्षण कार्य समाज के लिए एक अच्छी पहल है ओर यह सभी के लिए प्रेरणा का अवसर होता है। उन्होंने जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सभी को समय देना चाहिए। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के आओ हरित जन्मदिन मनाए अभियान के अंतर्गत अपनी बेटी गुंजिता पाल के जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण प्रेमी रविता पाल ने पौधरोपण करते हुए कहा कि हमें अपने व बच्चों के जन्मदिन को पौधरोपण करके धरा को हरा भरा बनाना चाहिए क्योंकि इससे कहीं ना कहीं हम प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बन सकते हैं और अपनी सांसो को बचाने में हम सभी को सहयोगी बनना चाहिए। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि आओ हरित जन्मदिन मनाएं चाहे कोई भी अवसर खुशी हो या गम आओ पौधे लगाए हम के तहत भी पौधरक्षण की भावना से पौधरोपण करके धरा को हरा भरा और प्रकृति के हरित कवच को बढ़ा सकते हैं। ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री हरे पेड़ पौधों को रोपित करने के साथ साथ ही उनका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल ने कहा कि हरियाली ही सभी के जीवन में खुशहाली लाती है अतः समृद्धि के साथ-साथ जीवन में खुशहाली के लिए हरे पेड़ पौधों का संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्षा पर्यावरण प्रेमी रविता पाल , संस्थापक/महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ब्रांड एम्बेसडर नगर निगम , बर्थडे गर्ल ब्रांड एम्बेसडर बाल प्रकृति प्रेमी गुंजिता पाल , बाल प्रकृति प्रेमी यवन पाल , नाजिम सैफी , विवेक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संजरपुर में मनाया किया गया विश्व डॉल्फिन दिवस



क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद- रामगंगा कमांड क्षेत्र के जागरूक कृषकों, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व डॉल्फिन दिवस का आयोजन गागन और करूला नदी के संगम स्थल ग्राम संजरपुर में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के कृषकों को नदी और नदी से होने वाले रोजगार परक लाभ के बारे में समझाया गया। साथ ही किसानों को प्रोत्साहित किया गया कि वह अपनी खेती में रसायन और कीटनाशकों के प्रयोग को कम से कम करने का प्रयास करें ,क्योंकि इसका सीधा प्रभाव जलीय जीव जंतुओं पर पड़ता है। क्षेत्र में जो जैविक खेती के लिए एक अभियान शुरू किया गया है रामगंगा कमांड परियोजना के अंतर्गत उस अभियान के तहत लोग अपने-अपने गांव में जैविक खाद और जैविक छिड़काव के लिए अधिक से अधिक उत्पादन करें। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना अधिकारी पंकज कुमार के द्वारा की गई तथा सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जिलेदार कांठ राजकुमार रहे। कृषि विभाग से तकनीकि सहायक राजपुत्र सिंचाई विभाग से सींचपाल नेमसिंह यादव , ग्राम प्रधान संजरपुर मुकेश यादव,ग्राम प्रधान जोगिया सिहाली मैहर सिंह विश्व प्रकृति निधि भारत की टीम से अनार सिंह यादव,विकास मौर्य, उमेश,कपिल, योगेन्द्र तथा विनय कुमार एवं क्षेत्रीय कृषकगण मौजूद रहे।

# जलभराव से निजात हेतु ग्रामों में तालाबों को चिन्हित कर उनकी गहराई बढ़वाई जाये-मा0 प्रभारी मंत्री

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा




बरेली - माननीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज जनपद बरेली के समस्त विभागों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं आदि की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने पूछा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चले आयुष्मान भवः कार्यक्रम में कितने आयुष्मान कार्ड जारी हुये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस दौरान कुल 01 लाख 40 हजार कार्ड बने। उन्होंने बताया कि पात्र गृहस्थी कार्ड में जिनकी 6 या उससे अधिक यूनिट है तथा जिनके राशन कार्ड में 60 वर्ष के ऊपर के आयु वर्ग के लोग हैं उन वरिष्ठ जनों का भी आयुष्मान कार्ड अब बनेगा। इसके लिये एप के माध्यम से पात्र स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। इस पर मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि जो लोग अशिक्षित हैं तो स्वयं आवेदन नहीं कर सकते इसलिये जनपद में प्रशासन द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों व विशेष दिवसों में पंचायत सहायक व ग्राम स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जायें। मा0 मंत्री जी ने कहा कि अस्पतालों, सीएचसी/पीएचसी में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाये जो दवाइयां नहीं हैं उसे आपूर्ति करने वाली कॉरपोरेशन को लिखकर मंगवाई जाये। जेनेरिक दवाइयों को प्राथमिकता दी जाये तथा रोगियों को बाहर से दवा ना लिखी जाये। उन्होंने कहा कि कोई भी सीएचसी/पीएचसी बंद न रहने पाये, स्टाफ आदि की तैनाती कर लोगों को इलाज मुहैया कराया जाये। अगर ऐसे कोई चिकित्सक हो जो मात्र सैलरी ले रहे हो और अस्पताल ना आते हो तो उनकी सूची बनाकर डायरेक्ट्रेट को उपलब्ध करायी जाये यदि स्थापना की स्वीकृति के अभाव में कोई निर्मित चिकित्सालय बंद हैं तो ऐसे केस में स्थापना हेतु डायरेक्ट्रेट को अवगत कराया जाये।

मा0 मंत्री ने जनपद में डेंगू, मलेरिया, बुखार आदि की स्थिति के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिये कि मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिये समुचित व्यवस्था की जाये। एंटी लार्वा अभियान चलाया जाये जिसमें ऐसे नालों आदि को चिन्हित करते हुये जहां लार्वा पनपते हो उनकी सफाई व्यवस्था करायी जाये। मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि आईजीआरएस की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारण किया जाये कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में ना आये इसमें शिथिलता ना बरती जाये, जिस सम्बंधित अधिकारी की शिकायत हो उससे एक स्तर ऊँचा अधिकारी जांच करें कि शिकायतों का फर्जी निस्तारण तो नहीं हो रहा है। मा0 मंत्री जी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन ग्रामों में तालाबों को पाट दिया गया हैं उनको अभियान चलाकर चिन्हित कर उनकी गहराई कराकर ग्रामों को जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाई जाये। मा0 मंत्री ने निर्देश दिये कि जनपद में गौशालाओं के आस-पास जो सरकारी जमीने खाली पड़ी है अथवा उन पर अतिक्रमण है उसे चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया जाये और उन जमीनों पर पशुओं हेतु नैपियर घास उगायी जाये। मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि सामुदायिक शौचालय को संचालित अवस्था में रखा जाये इस हेतु स्वयं सहायता समूहों को भुगतान भी किया जाता है। अतः ग्रामों में भ्रमण आदि के दौरान अधिकारी सामुदायिक शौचालय अन्य सरकारी भवनों का निरीक्षण व योजनाओं की समीक्षा अवश्य करें। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम की सहायता से समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारियों को फोन करके सामुदायिक शौचालय के संचालन की स्थिति जानी जायेगी, तदानुरूप कार्यवाही की जायेगी। मा0 मंत्री जी को सड़कों के गडढ़ा मुक्ति अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में 519 किमी0 की रोडों को गडढ़ा मुक्ति का लक्ष्य है, जिस पर कच्चा काम करवाया गया और शीघ्र ही पक्का भरान करवाकर 31 अक्टूबर तक गडढ़ा मुक्त कर दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 2500 परिषदीय विद्यालयों में से मात्र 100 विद्यालयों में फर्चीनर का अभाव है। इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों में भी अलंकार योजना के तहत सहयोग के माध्यम से कायाकल्प, फर्नीचर की व्यवस्था की जानी है, जिस हेतु मा0 जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपेक्षित। मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के पास जनप्रतिनिधियों के नम्बर होना अनिवार्य है। नम्बरों को अपने मोबाइल में सेव रखें और फोन आने पर यथासम्मान पूर्वक बातचीत करें। मा0 मंत्री जी ने कहा कि शिकायतें प्राप्त होती है कि जन जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने हेतु ग्रामों में सड़के खुदाई ऐसे ही छोड़ दी जाती हैं जिस पर अधीशासी अभियंता जल निगम ने अवगत कराया कि 30 स्थानों पर टैंक बनने व कनेक्शन जारी होने के बाद रोडो को सही करवा दिया गया है। जिस पर मंत्री जी ने कहा कि उक्त 30 स्थानों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जाये जिससे वास्तविकता का पता चले। पर्यटन सम्बन्धी कार्यों के बारे में अवगत कराया गया कि वर्तमान तहसील मीरगंज में रहपुरा जागीर में शिव मंदिर का विकास कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त नगर निगम के द्वारा लेजर फॉउण्टेन व लाइट फॉउण्टेन का भी कार्य कराया जा रहा है। कौशल विकास की समीक्षा में बताया गया कि 7500 लोगों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य है। जनपद में 35 ट्रेनिंग एजेंसी काम रही है। मा0 मंत्री जी को जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि नवाबगंज, मीरगंज आदि में पॉलिटेक्निक के भवन बने खड़े हैं लेकिन कुछ बाधाओं के कारण संचालित नहीं हो रहे हैं ऐसे में नवनिर्मित भवन की स्थिति खराब हो रही है जिस पर निर्देश दिये गये कि ऐसे भवनों को चिन्हित कर यथास्थिति में हैंडओवर लेकर पीपीए मॉडल से संचालित करवाया जाये। बैठक में जनप्रतिनिधियों में मा0 सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, मा0 महापौर डॉ0 उमेश गौतम, मा0 विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, मा0 विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, मा0 विधायक मीरगंज डॉ0 डी0सी0 वर्मा, मा0 विधायक नवाबगंज डॉ0 एम0पी0 आर्या, मा0 विधायक बिथरीचैनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, मा0 वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि, समस्त ब्लाक प्रमुखगण तथा अधिकारियों में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दूबे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए तेजवंत सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।।

# श्रावस्ती मे किसान जागृत दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद- किसान के मसीहा जन जन मे संघर्ष की भावना पैदा करने वाले एवं समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग करने वाले श्रद्धेय स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 88वे जन्म दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय भिनगा श्रावस्ती मे किसान जागृत दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया और उनके जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए जिला किसान यूनियन संगठन कि मुख्य शाखा के सम्मानित ब्लॉक अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्षों एवं आम सदस्य गणों द्वारा रक्तदान महादान की मुहिम को बढ़ाते हुए जिला चिकित्सालय भिनगा में स्वैच्छिक रक्तदान किया सभा में जिला अध्यक्ष श्री रामस्वरूप वर्मा मंडल महासचिव श्री अमृतलाल वर्मा भारतीये किसान यूनियन श्रावस्ती जिला मीडिया प्रभारी लवकुश चौधरी

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन अलखनाथ द्वार तथा रामगंगा आवासीय योजना का भी किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
सत्यम शर्मा



बरेली - माननीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज जनपद बरेली के विकासखंड बिथरी जयपुर में स्थित अन्नपूर्णा मॉडल शॉप की उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र, स्मार्ट मॉडल ग्राम पंचायत भरतौल का निरीक्षण किया। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में जो यह अन्नपूर्णा मॉडल शॉप बनायी गयी है इसकी प्रशंसा मा0 मुख्यमंत्री जी भी करते हैं और अन्य जनपदों को भी अनुकरण करने का निर्देश देते हैं। इस मॉडल शॉप से आम उपभोक्ता को काफी लाभ मिल रहा है, लोगों को एक ही छत के नीचे प्रदेश सरकार की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की मॉडल शॉप्स के माध्यम से आये दिन प्राप्त होनी वाली शिकायतों जैसे- घटतौली, भ्रष्टाचार, बेईमानी, दुकान न खुलने आदि स्वतः समाप्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस मॉडल शॉप के निर्माण में मुख्य विकास अधिकारी का अत्यधिक योगदान रहा है उन्हीं के सराहनीय प्रयास से आज यहां पर मॉडल शाप का निर्माण हो सका है। मा0 प्रभारी मंत्री ने उक्त के उपरांत बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन श्री अलखनाथ द्वार तथा रामगंगा आवासीय योजना का भी निरीक्षण किया और विकसित टाउनशिप की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रामगंगा आवासीय योजना में बरेली वासियों को एक बेहतर आवास की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण किया जाये व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। मा0 मंत्री जी ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि बरेली जनपद में स्मार्ट सिटी का कार्य शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। निरीक्षण के समय मा0 महापौर डॉ0 उमेश गौतम, मा0 एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, मा0 विधायक बिथरी चैनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, मा0 विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, कार्यदायी संस्था सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कोचिंग जा रही है छात्रा को तलवार से किया हमला

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक

गाजियाबाद - शाम कोचिंग जा रही एक छात्र पर तलवार से वार कर दिया छात्र गंभीर रूप से जख्मी हुई हमलावर को भीड़ में दर्द पहुंचा और पुलिस के हवाले किया पुलिस ने यह छानबीन की बताया जाता है कि जगतपुरी कॉलोनी में गुरुवार शाम नौवीं कक्षा की एक छात्र पर व्यक्ति ने तलवार से हमला किया लहूलुहान हालत में छात्र को अस्पताल में भर्ती किया जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत बताई मामला दो संविदाओं से जुदा होने के कारण सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया डीपी ग्रामीण विवेक यादव और एसपी ज्ञान प्रकाश राय घायल छात्र को देखने अस्पताल पहुंचे इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे छात्र के बेहोश होने की वजह से बात नहीं कर पाए बताया जा रहा है कि जगतपुरी कॉलोनी निवासी एक शख्स संजय उपाध्याय व्हाइट वॉश का काम करते हैं उनकी 16 साल की बेटी नौवीं कक्षा की छात्रा है गुरुवार शाम को छात्र 6:00 बजे कोचिंग जा रही थी घर में



लगभग 20 मीटर की दूरी पहुंचने पर पीछे से कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय शौकीन हाथ में तलवार लेकर आया और छात्र पर ताबड़तोड़ वार किया छात्रा चिल्लाई अरे अंकल क्या कर रहे हो और भाग कर बेहोश हो गई हमले के बाद भाग रहे हमलावर को भीड़ ने कुछ दूरी पर पीछा करने के बाद दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया हमलावर छात्र के पिता का दोस्त बताया जा रहा है अभी घटना का पता नहीं चला है इलाके में दहशत और तनाव है एक मुस्लिम व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से ही तलवार से वार किया वहीं गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए ले जा रही थी तो पुलिस कर्मी की पिस्तौल लेकर भागने लगा और पुलिस टीम पर फायरिंग की उसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी फायरिंग हुई और पैर में गोली लगी आरोपी घायल है उसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है डॉक्टर के मुताबिक छात्रा दिव्या के शरीर में जो निशान है काफी खून बह चुका है सिर गर्दन और हाथ में गंभीर घाव हैं कोहनी की हड्डी टूटी है बताया गया है कि छात्र पर हमला करने वाला आरोपी शौकीन छात्र के घर के सामने वाले मकान में रहता था इस संबंध में डीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया घटना की वजह जानने का प्रयास कर रहे हैं सब घबराए हुए हैं यह हिंदू मुसलमान का झगड़ा तो नहीं आगे क्या होगा बहुत तनाव है हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं का हंगामा इधर हिंदू संगठन के लोगों को जब कार्य कर्ताओं को पता चला के हिंदू छात्र पर दूसरे समुदाय से व्यक्ति द्वारा हमले की सूचनाओं तो हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझा वह जाकर शांत किया गांव में बहुत दहशत तनाव है

# शासकीय हाई स्कूल महुली में वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

बिहारपुर- वन्य जीव सुरक्षा के तहत गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान रेहण्ड परिक्षेत्र महुली द्वारा समय-समय पर वन्य जीव सुरक्षा को लेकर तमाम कार्यक्रम किये जाते हैं. इसी के तहत गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के द्वारा वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत महुली के शासकीय हाई स्कूल में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की ओर से 02 अक्टूबर से शुरू हुए वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल महुली में वन्यजीव सुरक्षा शीर्षक के अंतर्गत चित्रकला, निबंध व प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान पाने वाले




छात्र छात्राओं को पुरुष्कृत भी किया गया ,कार्यक्रम में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र पार्क महुली रेंजर ललित साय पैकरा डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह शंकर सिंह सागर सिंह अभिमन्यु सिंह वनरक्षक राजकुमार श्रीवास,अनीश खलखो,हाई स्कूल के प्राचार्य रामशरण प्रजापति ओमप्रकाश साहू कांग्रेसी नेता ब्रह्मदेव जायसवाल सरपंच पति रामबरन साय पप्पू जायसवाल निरंजन जायसवाल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र पार्क महुली रेंजर ललित साय ने छात्र छात्राओं को वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह की जानकारी देते हुए वन्य प्राणियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया साथ ही उन्होंने अपने आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखने के सुझाव भी दिए

# ज़िला बदर के उल्लंघन पर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा।। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ के साथ जिला बदर के आरोपी संजय सिंह पिता विजय राज सिंह निवासी डिहिया थाना गोविन्दगढ जिला रीवा का जो जिला बदर की कार्यवाही होने पर भी घर में रह रहा था जिसे गोबिंदगढ़ पुलिस ने पड़कर अपराध क्रमांक 339/23 धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम थाना गोविन्दगढ़



रीवा मे कायम किया गया है एवं आरोपी को जेल भेजा गया, आरोपी द्वारा श्रीमान ज़िला दंडाधिकारी रीवा के आदेश का उल्लंघन किया गया था सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, सऊनि.गुलाब सिंह आरक्षक कौशलेंद्र सिंह परिहार आरक्षक उपेंद्र सिंह बघेल आरक्षक राहुल पाण्डेय

# भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के 88वे जन्मदिन पर स्वेच्छा रक्तदान शिविर लोगों ने किया रक्तदान




क्यूँ न लिखूँ सच

भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के 88वे जन्मदिन पर स्वेच्छा रक्तदान शिविर लोगों ने किया

रक्तदान जिला अस्पताल में स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत का 88वे जन्मदिन पर जिला संयुक्त चिकित्सालय भिनगा मे किसान जागृति दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया और और उनके जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए जिला किसान यूनियन संगठन की मुख्य शाखा के सम्मानित ब्लॉक अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष एवं आम सदस्य गणों द्वारा रक्तदान महादान की मुहिम को बढ़ाते हुए जिला चिकित्सालय भिनगा में स्वैच्छिक रक्तदान किया जिला अध्यक्ष रामस्वरूप वर्मा शिवकुमार नायक बालकृष्ण शुक्ला सहज राम रमेश कुमार यादव बजरंगी लाल यादव स्वामी दयाल पटेल विजय कुमार शुक्ला मनीष सिंह आदि लोगों ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया संयुक्त जिला अस्पताल के डॉक्टर रामगोपाल द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया गया भारतीय किसान यूनियन की तरफ से अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरण कराया गया जिले के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे

# त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी हिस्ट्रीसीटर के मामले को लेकर समर्थक थाने के अंदर और विधायक गढ़ थाने के बाहर चाय की दुकान में बैठे धरने पर

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

गढ़ थाना के पुलिस के द्वारा 52 लीटर देसी शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति को छुड़ाने के लिए त्यौहार विधायक श्यामलाल द्विवेदी गढ़ थाने के अन्दर उनके समर्थक एवं गढ़ थाने के बाहर चाय की दुकान पर धरने पर बैठे त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी हिस्ट्रीसीटर को छुड़ाने के लिए वो भी ऐसे हिस्ट्रीसीटर को जिसके ऊपर आधे दर्जन से भी ज्यादा प्रकरण दर्ज है जिसका नाम दिनेश पटेल उर्फ राजा है इनको गढ़ थाना पुलिस ने 52 लीटर सराब के साथ पकड़ी है जिनके उपर ऐसे अपराध प्रकरण दर्ज है341, 294, 323, 426, 149/2005,धारा 34,36,ऐसे ही कई अपराध दर्ज है थाना गढ़ में दिनेश पटेल के नाम ऐसे हिस्ट्रीसीटर को छुड़ाने के लिए त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी बैठे धरने पर दो घंटे तक बैठे रहे धरने पर क्या ऐसे हिस्ट्रीसीटर को बढ़ावा बढावा देते हैं त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी या फिर विधायक के सहमति से विकते हैं दारू विधायक के द्वारा बताया जाता है कि वह दारू नहीं है वह



डीजल है इसका मतलब यह भी हो सकता है कि पुलिस झूठ बोल रही पर पर अगर पुलिस झूठ बोल रही है तो इतने धारा इसके ऊपर कैसे लगे यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा अपनी ही सत्ता सरकार में त्योंथर भाजपा विधायक श्यामलाल द्विवेदी थाने के सामने चाय की दुकान में बैठे धरने पर तो वही कार्यकर्ता पदाधिकारी बैठे गढ़ थाने के परिसर में बैठे धरने पर पुलिस की कार्यवाही को लेकर बता रहे गलत सुबह ही घूमा से पुलिस ने पकड़ी थी 52 लीटर दारू जबकि भाजपा विधायक श्यामलाल द्विवेदी और कार्यकर्ता पदाधिकारी कह रहे हैं दारू नही पकड़ा गया था डीजल विधायक सहित पदाधिकारी को मानने में पुलिस लगी है अवभागत में वही कुछ माह पूर्व भी विधायक श्यामलाल द्विवेदी जी त्यौंथर बिजली विभाग कार्यालय में धरने पर अब देखने वाली बात यह है कि इस मैटर को कितना गम्भीरता से लेते हैं रीवा जिले के सक्षम अधिकारी

# सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग मे सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें छात्र-छात्राओं को सेफ सिटी परियोजना के विषय में तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या




सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य). निराश्रित महिला पेंशन, बाल विवाह उन्मूलन, प्रवर्तकता योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पालन पोषण देखभाल, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न हेतु विशाखा समिति महिला हेल्प लाइन न0 181, 1090, चाइल्ड लाइन हेल्प न0 1098 आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सुश्री प्रियंका गुप्ता (महिला कल्याण अधिकारी), श्रीमती रजनी वर्मा (जिला समन्वयक), समाज कार्य विभाग की प्रो0 गुजन मिश्रा एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में चोरी करने वाला 01 शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। थाना जीआरपी ललितपुर टीम द्वारा ट्रेनों में चोरी करने वाला 01 शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार किया. जिसके कब्जे से 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये बतायी जा रही है. पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा/झाँसी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चोरी,लूट,जहर खुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, नईम खाँन मंसूरी के



पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार जीआरपी ललितपुर टीम ने रेलवे स्टेशन ललितपुर से 01 शातिर मोबाइल चोर देवी सिंह पुत्र स्व0 भोले अहिरवार निवासी मोहल्ला नेहरु नगर कोतवाली-ललितपुर जिला ललितपुर उ0प्र0 की गिरफ्तारी करते हुये 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# धूमधाम से मनाया पत्रकार का जन्मदिन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। बुंदेलखंड प्रेस वैलफेयर सोसाइटी के कार्यालय पर सोसाइटी के अध्यक्ष शीतल प्रसाद तिवारी वरिष्ठ पत्रकार कि अध्यक्षता व अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ संदीप सरावगी के आतिथ्य में पत्रकार सोनू साहू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर कार्यालय पर सभी पत्रकार लोगों ने बड़े धूमधाम से सोनू साहू का फूल माला पहनाकर केक काटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । इस मौके



परसोनू साहू, प्रदीप वर्मा, बृजेश परिहार, आर के सेन, ने राशिद पठान, पुनीत श्रीवास्तव, राकेश कुशवाहा, प्रतीक सैमसंग,मुस्ताक अली,अमित वर्मा, अमित कुमार साहू, बासु हसन, मुस्ताक अली, ध्रुव दुबे, अंशु मिश्रा,हरीश कुमार वीरू, नईम, पारस आदि लोग उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति और हिंदूवादी व्यवस्था के ऊपर सिरमौर क्षेत्र के भाजपा विधायक श्री दिव्यराज सिंह का करारा प्रहार : गिरिजेश कुमार पाण्डेय

क्यूँ न लिखूँ सच

मध्यप्रदेश काँग्रेस के कार्यकारिणी सदस्य तथा सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता गिरिजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इन दिनों सिरमौर क्षेत्र में भूमिपूजन और लोकार्पण की बाढ़ जैसी आई प्रतीत हो रही है,जहाँ एक तरफ हिंदू रीति रिवाज और धार्मिक मान्यता अनुसार पितृ पक्ष में शुभ कार्य वर्जित होते है वही इसके विपरीत सनातन की दुहाई देने बाले भाजपा के विधायक ताबड़तोड़ भूमिपूजन और लोकार्पण कर जनता को गुमराह करने में व्यस्त है,पिछले दिन माननीय विधायक ने पटेहरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के 1.31 करोड़ की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया,इस कार्यक्रम में अस्पताल के लिए जमीन दान देने बाले समाजसेवी श्री मनोज द्विवेदी जी को अलग रखा गया वही पटेहरा के सरपंच को भी कार्यक्रम में नही बुलाया



गया, भाजपा विधायक के नफरत भरी सोच से भूमि दानदाता और सरपंच का घोर अपमान हुआ तथा स्थानीय जनता ने इस कार्यक्रम से दूरी भी बना ली,लोकार्पण कार्यक्रम में महज 40-50लोगो के बीच विधायक जी ने फीता काटा, यही स्थिति छतैनी उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण की है माननीय विधायक के द्वारा किए गए लोकार्पण के बाद जनता अस्पताल भवनों के ताला खुलने का इंतजार कर रही है,किसी भी अस्पताल में डॉक्टर, नर्स, चिकित्सा उपकरण और दवाइयां उपलब्ध नही है.ऐसी स्थिति में किया गया लोकार्पण मात्र वोट के लिए लुभाने जैसा जाहिर हो रहा है जिसे जनता बखूबी समझ चुकी है



# बैंक मैनेजर से लूट मामले में पुलिस को कामयाबी दो बदमाश दबोचा गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक

गाजियाबाद - इंदिरापुरम पुलिस बैंक मैनेजर विक्रम प्रताप सिंह को गाड़ी में बंधक बनाकर लूट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया एक बदमाश आनंद गौतम और दूसरा गौरव वाल्मीकि निवासी मुरादनगर डीपी शुभम पाटील ने बताया कि मुख बदमाश आनंद गौतम पर मुकदमा है आनंद गौतम जेल से छूटकर लूट की और योजना बनाने लगा डीपी ने चेकिंग के दौरान बदमाशों को पकड़ने वाली टीम ?25000 इनाम घोषणा की वही दोनों बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अगस्त क्रांति मंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



क्यूं न लिखूं सच
आलोक मिश्रा

मऊगंज जिले के कैलाशपुर के सुकबरिया हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अगस्त क्रांति मंच आगे आया है आज से करीब दस महीने पहले मऊगंज जिले के कैलाशपुर में दरिंदों ने महिला के साथ गैंगरेप करने के बाद गुप्तांग में लकड़ी डाल दिया था साथ ही महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस कर उसको मौत के घाट उतार दिया था दरिंदों ने दरिंदगी की हद को पार करते हुए महिला के पैर में कील ठोंककर रस्सी से बांध दिया था न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित परिवार के समर्थन में अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी ने आज पीड़ित परिवार सहित कलेक्टर और एसपी से मुलाकात करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है वहीं पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने पर अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंजबिहारी तिवारी ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है

# फर्जी शादी करने वाली प्रीति की तलाश में सोनीपत पहुंची पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच
मीरा कौशिक

गाजियाबाद - मुरादनगर 200 करोड रुपए की संपत्ति के लालच में फर्जी शादी करने वाली प्रीति की तलाश में मुरादनगर पुलिस टीम सोनीपत पहुंची पुलिस ने कई स्थानों पर द्वेष की और गंग नहर के पास स्थित यूआईएमटी संस्थान के अध्यक्ष परसों डॉ सुधा सिंह के दिव्यांग बेटे शिवम की संपत्ति कब जाने में लालच में शादी करने वाली प्रीति की तलाश मुरादाबाद पुलिस बृहस्पतिवार को सोनीपत पहुंची बताया जा रहा है कि पुलिस ने प्रीति की काफी जगह तलाश की ओर छापेमारी की पुलिस मामले में नाम जड़ सभी आरोपियों की जांच कर रही है उनकी संपत्ति कहां है और कितने साजिशों से कितनी सदियों से क्या-क्या संपत्ति कमाई और कितने कितने केस दर्ज हैं पुलिस सभी के बारे में जानकारी कर रही है पुलिस जांच के सामने आया है कि प्रीति कुछ समय बाद शिवम पर तलाक कैसे डालने वाली थी इसके बाद संपत्ति पर कब्जा करने के बाद सारी संपत्ति अपने कब्जे में करने वाली थी पुलिस हिस्ट्री सीटर सचिन निवासी नूरपुर पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है मामले में सचिन के अलावा प्रवेश पिंकी नीलम प्रीति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है एसपी नरेश का कहना है कि पुलिस सभी नाम जड़ आरोपियों की कुंडली कंगाल रही है यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कितने और लोग शामिल हैं

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM

# लाखों का बजट फाइव स्टार मीटिंग्स और कथित कार्यशालाओं पर उड़ाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-स्वास्थ विभाग का एनटीसीपी प्रोग्राम नए डीएम के पेंच कसने पर धरातल पर दिखने लगा। पिछले पंद्रह सालों से कागजी खानापूर्ति का सबब बना रहा। *लाखों का बजट फाइव स्टार मीटिंग्स और कथित कार्यशालाओं पर उड़ाया गया। रत सरकार का तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम ( एन टी पी सी ) नए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के विभागीय अफसरों के पेंच कसने के बाद धरातल पर उतरने लगा है। उल्लेखनीय उक्त प्रोग्राम भारत सरकार की 11 वी पंचवर्षीय योजना के तहत वर्ष 2007 में लागू हुआ था। जिसके तहत इन वर्षों में अकेले एटा में प्रोग्राम की स्टेशनरी, जिला स्तरीय कार्यशालों जागरूकता के अभिमुखीकरण के नाम पर प्रति वर्ष लाखों का बजट खर्च किया जाता रहा है। इस प्रोग्राम के लिए बनाए गए सिस्टम में मैन पावर भी लगाई गई है डिजिटल एक्सपर्ट काम कर रहे हैं। परंतु उक्त कानून के तहत दोषी जनों से जुर्माना वसूला गया हो यह इन वर्षों में प्रकाश में नही आया जबकि हर वर्ष जुर्माना रसीदें जिला स्तर से ग्रास रूट स्वर पर वितरित की जाती रही हैं जिनके प्रकाशन में भी अच्छा खासा बजट खर्च हुआ है। इन पिछले पंद्रह वर्षों में इस अभियान की भौतिक उपलब्धियों का आंकलन किया जाए तो नौ दिन चले अढ़ाई कोस बाली कहावत ही चरितार्थ होगी। मजे की बात इन वर्षों में यह रही अभियान के नोडल अफसर बनाए गए वे अधिकतर इन जानलेवा प्रतिबंधित सामग्री का सेवन करते रहे है और स्मोकर भी रहे है। याद आती है एक मीडिया वार्ता जब एक नोडल अफसर प्रेस से वार्ता करते हुए मुंह में गुटका दबा कर तंबाकू के दुष्प्रभावों पर चर्चा कर रहे थे ।तब उस जागरूक पत्रकार ने दोहरे आचरण पर सवाल किए थे। शिकोहाबाद रोड पर 12 दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया जिसमें दुकानदारों द्वारा तम्बाकू की लड़ियां टांगकर तम्बाकू पदार्थ बेचे जा रहे थे उन सभी दुकानदारों पर कुल 2150 रू0 का जुमार्ना किया गया साथ ही उन सभी को चेतावनी दी गयी कि तम्बाकू के प्रत्यक्ष एवं परोक्ष विज्ञापन पर रोक अर्थात् कोई भी तम्बाकू पदार्थ का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है तथा प्रत्येक दुकानदार को 30म60 से0मी0 का साइनेज जिस पर लिखा है कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को / के द्वारा तम्बाकू पदार्थ बेचना दण्डनीय अपराध है卐 दिया गया। यदि आप भविष्य में दोबारा प्रदर्शन सहित तम्बाकू उत्पाद बेचते पाये जाते है, तो नियमानुसार कठोर कार्यवाही करते हुए रू0 5000/- तक का जुर्माना किया जा सकता है। छापामारी दल द्वारा कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग से डा0 अमन प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा विभाग से मुनेन्द्र सिंह राणा, अरुण कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग से दयानन्द श्रीवास्तव डी0एस0एम0 एवं पुलिस विभाग से राजवीर सिंह सवस्पेक्टर, योगेश कुमार, होतेन्द्र कुमार, अरविन्द धाकड़, सचल प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। जिलाधिकारी की जनहित में ऐसी रुचि और कामकाज को देखते हुए जन मानस को लगने लगा है अब और भी ऐसे कार्यक्रम जमीन पर दिखेंगे और लोग उनको मतलब और मकसद समझ सकेंगे।

# स्वास्थ्य सेवाएं जन सामान्य को सहजता से मिलें चिकित्सालय मुकम्मल इंतजामों के साथ मुस्तैद रहें- उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंडलीय स्वास्थ सेवा समीक्षा को बैठक को संबोधित करते हुए कहा हैं कि- मंडल के सभी चिकित्सालय स्वास्थ सेवाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने में हर मुकम्मल इंतजाम मुस्तैद रखे ।उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री उ0 प्र0 श्री ब्रजेश पाठक ने आज जलेसर में संत निवास कोसमा में आचार्य विमल सागर जी की प्रतिमा का किया अनावरण एवम नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करने बाद स्वास्थ अफसरों की बैठक में कही। उप मुख्यमंत्री ने वात्सल्य आरोग्य धाम कोसमा में आचार्य श्री 108 चैत्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से नवनिर्मित नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा कक्ष का किया लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री का कोसमा पहुंचने पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री जी ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत अलीगढ़ मण्डल के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के संबंध में बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने डेंगू, बुखार को दृष्टिगत मण्डल के सभी जनपदों में बेहतर इंतजाम करने एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय उपचार समय से उपलब्ध कराने के निदेश दिए। उप मुख्यमंत्री पाठक ने स्वास्थ्य सेवाएं जनजन तक पहुँचाने एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान में नियमित साफ सफाई पर जोर देने के सख्त निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान जनपदवार समीक्षा करते हुए डेंगू, बुखार, ओपीडी, संस्थागत प्रसब, सर्जरी, आयुष्मान कार्ड, ब्लड बैंक के संचालन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश सक्रियता बरतने के निर्देश दिए।भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, सहित एमएलसी आशीष कुमार यादव, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, कुमार भाई जी भाव नगर, विमलेश जैन मार्शन्स, शरद दिल्ली, विजय पाटनी, विनोद जी शाह, चिंतामणि जी जयपुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक, अपर निदेशक अलीगढ़ डा0 साधना राठौर, संयुक्त निदेशक अलीगढ़ डा0 वीके सिंह, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, जनपद एटा, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज के मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मण्डलीय सर्विलांस अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजन सम्पन्न




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-वीरांगना अवन्तीबाई ( पी0जी0 ) महिला महाविद्यालय एटा में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर आयोजन सम्पन्न उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस संपूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में आज वीरांगना अवन्तीबाई ( पी0जी0 ) महिला महाविद्यालय एटा में समय दोपहर11=30 बजे स्वच्छता जारूकता अभियान के अन्तर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमालुद्दीन, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को 卐 स्वच्छता जागरूकता अभियान विषय पर卐 卐स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत卐 का भी नारा दिया साथ ही शिविर स्थल पर उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई, विस्तृत विधिक एवं कानूनी जानकारी प्रदान कराई गयी एवं सभी को यह भी संदेश दिया कि खुद को ही स्वच्छ न रखे अपितु अपने आस-पास साफ-सफाई पर गहन दृष्टि से लोगों को जागरूक करें जिससे हम और हमारा समाज स्वच्छ व रोग मुक्त हो सके। इस शिविर का संचालन अध्यापिक श्रीमती उषा देवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0एन0वी0सिंह, प्रधानाचार्य एवं श्रीमती रिचा यादव पी0एल0वी0, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,एटा, अध्यापकगण व अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

# हजारा नहर यहां आए दिन कोई न कोई शख्स आत्महत्या करने के उद्देश्य से इस नहर में छलांग लगा देता है

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-एटा आगरा रोड स्थित हजारा नहर यहां आए दिन कोई न कोई शख्स आत्महत्या करने के उद्देश्य से इस नहर में छलांग लगा देता है आज भी यही हुआ एटा जलेसर की एक महिला जिनका नाम प्रिया गौतम बता रही हैं ने अभी कुछ समय पहले उफनती नहर में छलांग लगा दी और अपनी बेटी सिमरन को जो इनके साथ खड़ी है को बाहर खड़ा कर दिया लेकिन हमारे प्रिय समाज सेवी जुगेंद्र ने उन्हें जिंदा बाहर निकाल कर प्रिया गौतम और उनकी बेटी को नहर से सटी हुई जावड़ा पुलिस चौकी को सकुशल सौंप दिया हमने इन महिला की आप बीती जानने के लिए जुगेंद्र से एक बाइट लेने के लिये कहा था कि इन महिला ने अपनी जिंदगी को दाव पर लगाने का इतना बड़ा डिसीजन क्यों लिया आप महिला के मुंह से लायब भी सुनिएगा इनकी आप बीती बहुत दर्दनाक तो है ही और सबका कारण है

शराब रिस्तों की बदलती सोच यह बता रही हैं इनके पति शराब पीकर हर तरह के अत्याचार भी करते हैं परिवार के साथ और इनकी दो बेटी थी एक बड़ी बेटी को इनके पति ने मौत के घाट भी उतार दिया ये घटना 2017 -18 बता रही है पर यह अभी पता नहीं कि बेटी का केस ओपन हुआ या नहीं या फिर रहस्य में दफन हो गया और आज यह अपनी जिंदगी खत्म करने जा रही थी आज अगर ये जुगेंद्र जैसा लड़का इनकी जान की सुरक्षा नहीं करता तो इस बेटी का क्या होता क्या इसकी बड़ी बहन का क़ातिल इसका पिता इसकी परवरिश करता या फिर बड़ी बेटी की तरह -खैर जो भी हो पर पुलिस प्रशासन को इस केस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए अब उस शराबी पति के साथ इन दोनों का खतरा है।

# जिलाधिकारी के आदेश पर नहर विभाग ने अवैध कब्जों पर की कार्यवाही,जेसीबी चलवाकर ध्वस्त किए गए पुराने खंडहर भवन

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद- नानऊ स्थित ऊपरी गंग नहर पुल के आसपास गंग नहर की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी को मिली थी। उक्त शिकायत के मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर को नहर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर बुलडोजर चलवा कर अवैध कब्जों को ध्वस्त कराते हुए नहर विभाग की जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। नहर विभाग के उप राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी के आदेश पर हमारी टीम ने नहर विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले 31 लोगों को पहले जमीन खाली करने के नोटिस दिए गए थे। पर नोटिस के अनुसार जब उक्त लोगों ने सुनवाई नहीं की तो को पुलिस की मदद से जेसीबी मशीन चलवाकर अवैध कब्जों को हटाया गया है। इनके अलावा अभी कुछ अन्य लोगों के द्वारा अवैध कब्जे करने की बात सामने आई है जिन्हें भी जल्द विभाग की ओर से नोटिस दिया जाएगा उसके बाद नहर विभाग की हद में आ रही जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# राकेश पूर्व प्रधान प्रदेश महासचिव हालदार किसान यूनियन बने गरीबों के मसीहा



क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ -3 दिन से गायब बच्चे को उसके परिजनों से मिलकर परिवार की लौटाई खुशियां करीब दिनांक 3 शाम 4=00 बजे गांव ईकरी में आ गया था गायब सरमन पिता का नाम संजय निवासी दादो 13 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चला गया है पूर्व प्रधान राकेश कड़ी मेहनत के बाद परिजनों तक सूचना दी गई परिजनों ने सरमन को दिखा तो आंखों के आंसू झलक पड़े अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिवारीजन बहुत प्रसन्न हुए तथा ग्राम प्रधान ग्राम वासियों को बधाई दी

# साईकिल से कालेज जा रहा छात्र बेहोश होकर गिरा मची अफरातफरी

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद- की सुबह नानऊ के नगला रिसालदार से साईकिल द्वारा अकराबाद के राष्ट्रीय इंटर कालेज में पढ़ने जा रहा कक्षा नौ का छात्र अंकित पुत्र चोबसिंह बेहोश होकर अचानक नेशनल हाईवे स्थित नानऊ गांव के कट के पास गिर गया। यह देख अफरातफरी मच गई। तमाम राहगीर रुक गए। छात्र के गले में पड़े परिचय पत्र को देख मौजूद लोगों ने कालेज में प्रधानाचार्य डा.नरेंद्र सिंह को घटना की सूचना दी। जिसपर कालेज के अध्यापक व छात्र के स्वजन मौके पर पहुंच गए और बेहोश अंकित को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। प्रधानाचार्य ने बताया है कि छात्र की हालत में अब सुधार है।

# प्रेस पर हुये हमले को लेकर कांग्रेस ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देते हुये कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा न्यूज़ वेबसाइट के संस्थापक और प्रधान संस्थापक प्रवीर पुरकायस्थ और इससे जुड़े पत्रकारों के आवासों पर छापेमारी की , पत्रकारों के मोबाइल लैपटॉप, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त कर लिए साथ ही कुछ पत्रकारों की गिरफ्तारी भी कर लिया गया है। जिसकी कांग्रेस निंदा करती है। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति से इस तरह की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करते हुये कहा गया कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ प्रेस की स्वतंत्रता पर किए जा रहे हमले लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र है। लोकतांत्रिक परम्पराओं का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिये। ज्ञापन देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व शहर अध्यक्ष नरेश चंद बिलहाटिया, इम्तियाज हुसैन,मुकेश अग्रवाल, इदरीश खान,अरविंद बब्लू,शंभू सेन, शफीक मकरानी,हरिओम श्रीवास, आफ़ाक मकरानी,वीरेंद्र कुशवाहा, शहनबज खान, अशोक कन्सौरिया,शाहरुख खान,मुमताज खान, पार्वती चौधरी,प्रदीप गुर्जर,जसवंत अनुरागी, शैलेंद्र वर्मा शीलू,वसीम उद्दीन,हरीराम वर्मा,इमरान खान,अशोक कौशल,जीतू राजा,महमूद भाई आदि मौजूद रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# धोखाधड़ी मामले में भू-माफिया को कोर्ट ने जारी किया सम्मन

क्यूँ न लिखूँ सच


बरेली। भू -माफिया परमजीत सिंह गुजरात पुत्र जसवंत सिंह गुजरात निवासी 200-ए प्रेम नगर बरेली ने धोखाधड़ी से विवादित वक्फ संपत्ति का एग्रीमेंट के. श्री.,जी. इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. से 50 लाख लेकर किया। जब के. 3.त्र. के डायरेक्टर को पता चला कि यह संपत्ति विवादित वक्फ की है ।तो उन्होंने थाना प्रेम नगर थाना में दिनांक 20-06-2008 को भू- माफिया परमजीत गुजराल के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा अपराध संख्या 392/2010 धारा 420,504, 506, भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करवाया था ।जिसमें भू-माफिया परमजीत सिंह गुजराल काफी समय से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था ।अब कोर्ट ने भू-माफिया के खिलाफ न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 02 में 21-अक्टूबर को कोर्ट में उपस्थित होने का सम्मन जारी किया है।

# जलविहार महोत्सव में महिला डांसरो ने लगाए ठुमके, बेकाबू हुई भीड़ पर पुलिस को चलानी पड़ीं लाठियां

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास







झाँसी। पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बाद भी जनपद के मऊरानीपुर जलविहार महोत्सव में स्वीट नाईट का आयोजन किया गया. इसमें इंडियन डांसर को रशियन स्टाइल में पेश किया गया. डांसर के ठुमकों ने महोत्सव में बवाल करा दिया. भीड़ को बेकाबू होते देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा. इसमें कई लोग घायल भी हो गए. गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बिना अनुमति के हो रहा था

कार्यक्रमः झाँसी मुख्यालय से लगभग 75 किमी दूर मऊरानीपुर में प्रांतीय जलविहार महोत्सव का आयोजन हुआ. इसमें एसएसपी राजेश एस की रोक के बावजूद स्वीट नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महिला डांसरों को बुलाया गया था. जिन्होंने पुलिस की मौजूदगी में फूहड़ फिल्मी गानों पर अशोभनीय डांस किया. इसे देखने आई भीड़ अपने आप को नहीं रोक सकी और वह भी डांस करते हुए बेकाबू हो गई. महिला डांसर ने डांस शुरू किया तो भीड़ और अधिक बेकाबू हो गई. इसे देख पुलिस गुस्से में आ गई और उस पर काबू पाने के लिए आधा दर्जन से अधिक प्राइवेट बाउंसरों के साथ लाठी चार्ज कर दिया. इससे वहां भगदड़ मच गई. लाठीचार्ज के कारण कई दर्शक घायल हुए. इनमें एक युवक की आंख में चोट आई, जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गई. आनन फानन में उसे सामुदायिक अस्पताल भेजा गया. हालत गम्भीर होने के कारण घायल को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है. एसपी ग्रामीण गोपीनाथ सोनी ने बताया कि बिना अनुमति के कार्यक्रम कैसे आयोजित किया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है. मामले में मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चौथे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन कारियों के समर्थन में व्यापार मण्डल के सभी व्यापारियों ने निकाला जुलूस सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




टहरौली ( झाँसी ) टहरौली सहित बुंदेलखंड के विकास के लिए टहरौली में 9 सूत्रीय माँगो को लेकर आमरण अनशन पर बैठे वरिष्ठ पत्रकार बाबूसिंह ( यादव ) के साथ सुरेन्द्र प्रजापति,अंकित गौतम, सोनू गुप्ता, जाहर सिंह,सोनू चौधरी,अमित दुवे, यह सभी आमरण अनशन पर बैठे है।इन्ही के समर्थन आज टहरौली व्यापार मंडल ने टहरौली का बाजार बंद कर के एक विशाल जुलूस निकाला जिसे देख तहसील प्रशासन के हांथ-पैर भूल गए जुलूस देख तुरंत ही पुलिस प्रशासन हरकत में आकर जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस के साथ नजर आए व्यापारियों ने जुलूस अनशन स्थल से शुरू कर तहसील के गेट नं2 प्रवेश कर तहसीलदार टहरौली को ज्ञापन सौंपा तहसीलदार ने कहा कि आप सभी लोगो की मांगों को उच्चाधिकारियों और शासन-प्रशासन को अवगत करा दिया गया है आप सभी की मांगे जल्द ही पूरी होंगी। वंही इसी आमरण अनशन को लेकर आज टहरौली तहसील के अधिवक्ता भी न्यायिक कार्य से विरक्त रहे और उन्होंने भी पेन डाउन कर दिया था । अधिवक्ताओं ने कहा कि टहरौली तहसील बने 28 वर्ष हो है लेकिन आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जबकि तहसील बनने के 6 माह में तहसील क्षेत्र में 2 ब्लॉक बन जाने चाहिए लेकिन शासन-प्रशासन की। उदासीनता के कारण आज भी हमारा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है।वंही टहरौली में चल रहे आमरण अनशन के समर्थन में 5/10/2023 झाँसी कलेक्ट्रेट बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंप कर आमरण अनशन का समर्थन किया । बुंदेलखंड किसान यूनियन ने भी अनशन कारियों को पूर्ण समर्थन किया। और अन्य संगठनों ने भी समर्थन किया जिससे अनशनकारियों का भी हौंसला बुलन्द हो गया है अनशन कारियों ने भी सभी का आभार व्यक्त किया। बाबूसिंह यादव ने कहा कि जो भी क्षेत्र का विकास चाहता है वह हमारा सहयोग करना चाहता है वह अनशन स्थल पर आकर हमारा सहयोग कर सकता है सुरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी सम्भव है जब तक टहरौली जिला नही बन जाता अंकित गौतम ने कहा हम आप सभी के सहयोग से ही आगे विकास की गंगा बहाने में कामयाब हो रहे है।

सोनु चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में जबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नही बन जाता है तब तक हमारे क्षेत्र के लोगों अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं नही मिल सकती है । हरीश सोनी जिला कोषाध्यक्ष ( भाजपा ) ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विकास के लिए जितना बाबूसिंह यादव जी ने संघर्ष किया है आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने नही किया इसलिए लोग उन्हें विकास पुरुष कहने लगे उन्होंने आगे कहा कि में भी अपने स्तर पर विधायक मंत्रियों से इन मांगो के सम्बंध में मांग करूँगा ओर अपने शासन-प्रशासन को अवगत कराएंगे । इस दौरान अन्य वक्ताओ ने भी टहरौली क्षेत्र के विकास के सम्बंध अपने विचार रखे।

# विद्यालय में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



बंगरा( झाँसी )ब्लॉक बंगरा के कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय मगरवारा के प्रांगण में संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन योगेन्द्र नाथ वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी बंगरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया,मुख्य अतिथि ने आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया जिसमें छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व नृत्य की प्रस्तुति दी गई,आगुंतको का माल्यार्पण बैच अलंकरण व स्वागत के साथ प्रतियोगिता में बंगरा न्याय पंचायत के विद्यालयों से आए बच्चों ने दौड़, खौ खौ, गोला फेंक, कबड्डी आदि में शानदार प्रदर्शन किया साथ ही आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये आयोजन का सफल संचालन अध्यापक जुगल किशोर द्वारा किया गया,आयोजन में नाजमा बेगम प्रधानाध्यापिका सहित सीमा वर्मा, सरिता शर्मा, अनुपमा अग्रवाल , पुष्पा भटनागर सुनीता शर्मा, अंजू, अंजना वाजपेई, ए आर पी, विवेक तिवारी, मनोहर लाल,दीपा यादव मगरवारा विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित ग्रामपंचायत के विशिष्ठ लोग संतोष कुमार शर्मा, पुस्पेंद्र सिंह, राजेश दीक्षित आदि उपस्थित रहे, अंत में कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय मगरवारा की प्रधानाध्यापिका नाजमा बेगम ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# आकांक्षी विकासखंड प्रतापपुर में संकल्प सप्ताह अंतर्गत कृषि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन




क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- नीति आयोग के द्वारा जिले के प्रतापपुर विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड चयनित किया गया है, संकल्प सप्ताह 03 से 9 अक्टूबर तक आकांक्षी विकासखंड में मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में विकासखंड प्रतापपुर में 6 अक्टूबर 2023 को कृषि महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सत्तीपारा, खड़गवांकला, सकलपुर व अन्य पंचायत में कृषि एवं समवर्गीय विभाग के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को संचालित शासकीय योजनाओं उन्नत कृषि तकनीक पर्यावरण संरक्षण कार्य, गोधन योजना, जैविक खेती, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, जल संरक्षण हेतु ड्रिप से सिंचाई तथा भूमिगत जल का सही दोहन हेतु उपस्थित किसानों से विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दिया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में नियमित रूप से टीकाकरण, कृत्रिम गर्भधारण एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम एक विकास की पहल है जिसका उद्देश्य उन क्षेत्रों के प्रदर्शन में सुधार करना है जो विभिन्न विकास मानकों में राज्य व जिला स्तर मानकों पर पिछड़ रहे हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच जनप्रतिनिधि गण एवं विकासखंड प्रतापपुर की कृषि विभाग से श्री शिवशंकर यादव, श्री अंचल राजवाड़े, श्री अभिषेक सिंह एवं श्री अभिषेक गुप्ता, श्री विनोद कुमार प्रजापति, निकिता कुजूर, श्री शिवनंदन पैकरा एवं कृषक मित्र एवं से कलवंत सिंह एवं सरोज राजवाड़े उपस्थित रहे

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2023 अन्तर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला एवं मेले का आयोजन सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक सुश्री लीना कोसम के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा राम ललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक शशिकान्त सिंह के मार्गदर्शन में तथा शोभनाथ चौबे, सहायक परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा के समन्वय एवं सहायक संचालक रविन्द्र सिंह देव की उपस्थिति में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला एवं मेले का आयोजन कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर के प्रांगण में आज सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में प्रदर्शित सभी मॉडलों का अवलोकन उपरान्त उनकी उत्कृष्टता के संबंध में प्रकाश डाला गया तथा भविष्य में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिये कहा गया व यह प्रदर्शन कबाड़ से जुगाड़ का न होकर शिक्षक एवं छात्रों के दिलो दिमाक का प्रदर्शन है। स्वागत उद्बोधन में शोभनाथ चौबे सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा प्रतियोगिता के विभिन्न चरणो पर विस्तार से बताया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विकासखण्डों से चयनित प्रतिभागियों में 27 गणित एवं विज्ञान के मॉडलों के प्रदर्शन के साथ लगभग 100 प्रतिभागी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा भाग लिया गया। प्रदर्शनी आकर्षक एवं रोचक थी, हर मॉडल अपने आप में अद्वितीय था। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती सुमन वर्मा, अधीक्षिका के जीबीव्ही सूरजपुर, प्रवीण, व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल नवापारा तथा नेपाल साहू व्याख्याता शासकीय कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर की भूमिका प्रमुख थी। गणित तथा विज्ञान विषयों के विभिन्न तथ्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी में ज्योति सिंह शिक्षक मा.शा. कोरेया विकासखण्ड सूरजपुर प्रथम स्थान, राज कुमारी राजवाड़े शिक्षक मा.शा. कन्या नवापारा विकासखण्ड सूरजपुर तथा सतीश कुमार साहु शिक्षक, मा0शा0 कृष्णपुर विकासखंड रामानुजनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में गणित प्रदर्शनी में पवन प्रजापति शिक्षक मा.शा. तेलईमुड़ा विकासखण्ड रामानुजनगर प्रथम स्थान, ज्योति साहु शिक्षक मा.शा.क. नवापारा सूरजपुर द्वितीय स्थान एवं हेमलता चन्द्रा सहा. शिक्षक प्रा.शा. जगतपुर विकासखण्ड रामानुजनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ती पत्र एवं मेडल के माध्यम से तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रशस्ती पत्र एवं मेडल के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश कुमार द्विवेदी सहायक परियोजना समन्वयक, मनोज कुमार मण्डल विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, सुदर्शन राजवाड़े बीआरपी सूरजपुर, संजय त्रिपाठी प्रधान पाठक मा.शा. सरमा, अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल, कृति कौशल दुबे, सहदेव राम रवि सीएसी, दिनेश साहू प्रधान पाठक, सुदर्शन सिंह, ईश्वर सिंह, बलराम ठाकुर, पंचम राम का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सिमांचल त्रिपाठी प्रधान पाठक मा.शा. रूनियाडीह एवं आभार प्रदर्शन सुरविन्द कुमार गुर्जर सहायक परियोजना समन्वयक सूरजपुर के द्वारा किया गया।

# प्रिंटिंग प्रेस संचालक व मुद्रकों की ली गई बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक एवं मुद्रकों की बैठक, कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में ली गई। जिसमें सभी मुद्रकों को लोक प्रतिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के के विषय में विस्तार से बताया गया। कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा, जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं उसके प्रकाशक का नाम या पता न लिखा हो। प्रकाशक जो निर्वाचन सामग्री को मुद्रित कराना चाहता है उसे अपना ( प्रकाशक ) घोषणा पत्र प्रारूप ''क'' को दो प्रतियों में तैयार करना होगा, जिस पर उसे पहचानने वाले दो गवाहों के नाम, पता सहित हस्ताक्षर कराना होगा। इस दोनों प्रति को एवं मुद्रित की जाने वाली सामग्री को वह मुद्रक को देगा। इसके बाद ही मुद्रक द्वारा निर्वाचन सामग्री का मुद्रण किया जायेगा। उपरोक्त प्रक्रिया का प्रकाशक द्वारा पालन न करने पर मुद्रक द्वारा निर्वाचन सामग्री का मुद्रण नहीं किया जाये। मुद्रक द्वारा निर्वाचन सामग्री को मुद्रित किये जाने के बाद प्रकाशक का घोषणा पत्र प्रारूप ''क'' की एक प्रति, मुद्रण का विवरण दर्शाने वाला प्रपत्र प्रारूप ''ख'' के साथ मुद्रित सामग्री के चार प्रतियों को तीन दिवस के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। इसमें अन्य कानूनी प्रावधान जो आचार संहिता के उल्लंघन के होने पर कार्यवाही के दिशा निर्देश सहित आचार संहिता पालन करने हेतु विस्तृत जानकारी दिया गया। इस बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रियंका रानी गुप्ता, डॉ. वर्षा बंसल तथा जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल बारी, फर्म मुद्रको, प्रिंटिंग संचालक श्री प्रदीप गुप्ता ( स्पॉट लाईट ग्राफिक्स ), श्री विनय सरकार ( कृष्णा स्टेशनरी एण्ड प्रिंटिंस ), श्री दीपक गर्ग ( श्री श्याम फ्लैक्स ) एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का दिया गया प्रशिक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल जी के निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र-04 प्रेमनगर, 05 भटगांव और 06 प्रतापपुर के समस्त सेक्टर अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आदर्श आचार संहिता का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों को बताया गया। आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाती है। इसका उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्वक निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराना होता है। यह आचार संहिता सभी राजनैतिक दल, सभी अभ्यर्थी, सभी मंत्री, विधानसभा सदस्य, सभी शासकीय कर्मचारी सभी संगठन, कमीशन, कमेटी जिसमें शासकीय धन का निवेश होता है। साथ-साथ आमजनों पर भी लागू होती है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पी.सी. सोनी प्राचार्य द्वारा यह बताया गया कि चुनाव कार्यक्रम का घोषणा होते ही 24 घण्टे के भीतर सभी शासकीय संपत्तियों से राजनैतिक संबद्धता वाले सभी फ्लैक्सी, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, दीवार लेखन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों की चित्र, संदेश शासकीय वेबसाइट से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के फोटो, संदेश को हटाया जायेगा। केन्द्र एवं राज्य शासन के सरकारी उपक्रम, स्थानीय निकाय में राजनैतिक नेताओं, पदाधिकारियों को दी गई शासकीय वाहन वापस लिये जायेंगे। शासकीय वाहनों का दुरुपयोग को रोका जायेगा। 48 घण्टों के भीतर सार्वजनिक स्थलों जैसे- रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, बिजली के खम्में, वृक्षों, सड़क एवं पुल के किनारों से सरकारी खर्च पर लगाये गये होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, निर्वाचन पोस्टर पम्पलेट हटाये जायेंगे इसी प्रकार निजी सम्पत्ति से विरूपण को हटाने के लिए 72 घण्टे के भीतर कार्यवाही की जायेगी। मास्टर ट्रेनर द्वारा सम्पत्ति विरूपण रोकथाम के अनेक उपबन्धों की जानकारी दी गई। नवीन शासकीय कार्य प्रारम्भ नहीं होंगे। लोकार्पण, शिलान्यास, भूमिपूजन, टेन्डर नहीं होंगे। स्वेच्छा अनुदान निधि से कोई स्वीकृति, भुगतान नहीं होगी। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर सरकारी खर्चे पर कोई विज्ञापन जारी नहीं होंगे। सभी सेक्टर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अपेक्षित आचरण के बारे में बताया गया। उन्हें चुनाव में निष्पक्ष रहना है। शासकीय कर्मचारी को किसी भी चुनाव अभियान, चुनाव प्रचार, चुनावी सभा, चुनावी रैली में भाग नहीं लेनी चाहिए। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थी के मार्गदर्शन हेतु सामान्य आचरण के बारे में विस्तार से बताया गया उन्हें ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जो विभिन्न जाति, धर्म, सम्प्रदाय के बीच विद्वेष, घृणा का भाव उत्पन्न करे। धार्मिक स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार हेतु नहीं करना चाहिए। उन्हें ऐसे सभी कार्य से परहेज करना चाहिए जो चुनाव कानून के अन्तर्गत चुनाव अपराध या भ्रष्ट आचरण है। निर्वाचन के दौरान वाहनों के दुरुपयोग पर रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। आमसभा, चुनावी रैली, लाउडस्पीकर का उपयोग करने हेतु अभ्यर्थी द्वारा सक्षम अधिकारी से अनुमति ली जायेगी। रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से आम सभाएं, चुनावी रैली, रोड शो, लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। समय सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन पोस्टर, पम्पलेट प्रचार सामग्री मुद्रण के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क के बारे में बताया गया इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में आदर्श आचार संहिता के नोडल अधिकारी श्री नरेन्द्र पैकरा, संयुक्त कलेक्टर उपस्थित रहे।


# 50% of the world's population is at risk of mental illness by the age of 75, how to stay safe?

Mental health disorders are a rapidly growing problem worldwide, with everyone from children to adults at risk. The researchers point out that there are many risk factors that have a serious negative impact on mental health, and all people should continue to take measures to keep their mind healthy and calm. Researchers said that cases of mental illness are increasing with time, and the risk may become even higher in the coming years. World Mental Health Day is celebrated every year on 10 October to remove social stigma about mental health and keep the mind healthy. Psychiatrists say, all people need to be protected from its risk factors from an early age. In a recent study, scientists say that as the problem of psychiatry is increasing globally, it is feared that by the age of 75, 50 percent of the world's population may be at risk of mental health disorder. Out of every two Risk in an individual – Researchers found that half the global population is at risk for mental health disorders by the age of 75. Based on the study, researchers from Queensland University and Harvard Medical School said that one in two people worldwide is at risk of a mental health disorder in their lifetime. Most of the people are facing the risk of stress and depression. The study has also found that its risk may also be gender based. What did the study find? -For this study, data from more than 150,000 adults from 29 countries was examined from 2001 to 2022. Research also found that mental health disorders are most commonly seen in childhood, adolescence or young people. Researchers said that 15-year-olds are the youngest age group with mental health problems. The average age of mental health disorders is 19 for men and 20 for women. This risk is increasing with time. Mental health problems in men and women - Researchers said, if we talk about gender-based mental health problems, depression, social phobia and post-traumatic stress disorder (PTSD) are the major health disorders seen in women. Whereas the problems of alcohol abuse, depression and social phobia are seen most in men. If these conditions are not taken care of, they increase the risk of serious health risks in the future. How to take care of mental health- Health experts say that it is important for all people to take care of their mental health. For this, exercising regularly is very beneficial. Good diet and a good night's sleep are also important to maintain your mental health. Removing the stigma around mental health and providing timely treatment to the needy is important to reduce the risks of mental health.



# Sweet and sour tamarind is a treasure trove of qualities, you get these 4 amazing benefits by eating it.

Tamarind Health Benefits Tamarind is used in many dishes. Many people like the sweet and sour taste of tamarind. We all must have eaten it with gusto in childhood. However, apart from being delicious, it is also very beneficial for your health. Let us know about some amazing benefits of eating tamarind - The sweet and sour taste of tamarind brings back memories of childhood. It is used for many dishes. Let us know some surprising benefits of tamarind. Hearing the name of sweet and sour tamarind, people's childhood memories get refreshed. We all must have eaten tamarind at some point or the other in our childhood. Tamarind is also used to make many dishes. Tamarind, which tastes delicious, is also beneficial for our health in many ways. Eating it has many health benefits. This superfood is packed with many nutrients that can essential benefit your overall health in more ways than one. So say our nutritionists themselves. Actually, recently nutritionist Lavneet Batra has shared information about the health benefits of this superfood on her social media account. Let us know some of its benefits - Health benefits of tamarind. Helpful in increasing immunity - Tamarind has many such properties, which help in strengthening your immunity. Vitamin C, antioxidants, flavonoids, carotene and other nutrients present in it are considered very good for your immune system. Beneficial for heart health- Potassium can help in reducing blood pressure naturally. Along with potassium, magnesium is also found in large quantities in tamarind, which can help you in maintaining blood pressure. Apart from this, it also contains polyphenols like flavonoids, which can help in controlling cholesterol levels. Tamarind is also rich in anti-fungal properties. Actually, a compound called tamarindinal is found in it, which is full of antifungal properties. Beneficial for gut health- According to nutritionist Lavneet Batra, tamarind acts as a tonic, carminative, antiseptic, cleaning agent and antipyretic. Due to these properties, it is helpful in improving intestinal functioning and digestion.




# To keep your eyes healthy and light bright, these tips are very beneficial for you.

Eyes are a gift from God, they are the part of the body that makes us realize the beauty of the world. However, with time the risks related to it are increasing due to disturbances in lifestyle and diet. Be it spending too much time on mobile computers or underlying health conditions like diabetes and high blood pressure, all these are having a negative impact on eye health. The leading causes of blindness and low vision in the United States are primarily diseases such as cataracts, diabetic retinopathy, and glaucoma. World Sight Day is celebrated every year on the second Thursday of October to draw people's attention to the increasing health problems related to eyes and to increase awareness about prevention. This year's theme is 'Love your eyes', pay attention to eye health at the workplace. Let us know what should and should not be done to keep the eyes healthy. Good diet is important for the eyes. To keep the eyes healthy, it is most important that your diet is healthy and nutritious. Make colorful vegetables and fruits a part of your daily diet. Nutrients like omega-3 fatty acids, lutein, zinc, and vitamins C and E can help ward off age-related vision problems like macular degeneration and cataracts. Green leafy vegetables like spinach, kale and collards, fatty fish, eggs, nuts, beans etc. are beneficial for eye health. Stay away from smoking - Smoking is not only harmful for the lungs, it also has a negative impact on the eye health. It is possible Studies have found smoking to increase the risk of cataracts, optic nerve damage, and macular degeneration. Such risks can be reduced by quitting smoking. Doctors say, quitting smoking is within your control which can help keep your vision healthy in the long run. Reduce screen time – People who spend too much time on screens are at risk of developing various eye-related diseases over time. Blue light emitted from screens like mobile-computer or television can be very harmful for the eyes. The American Optometric Association recommends the 20/20/20 rule to reduce such risks. In this, it is advised to look carefully at an object at least 20 feet away for 20 seconds every 20 minutes. It is also very important to keep blinking the eyelids. Get regular eye tests done – Health experts say regular eye tests are required for all people, even small children. This is important to identify any problem occurring in your eyes and correct it in time. Doctors say that everyone should get their eyes checked at least once a year, if there is a family history of eye diseases then get them checked twice a year.



# Big claim regarding mental health disorders – This is a disease of more educated people!

Rapidly increasing mental disorders are a major threat to global health, and their risk is increasing with time. Recent studies have found that even those below 15 years of age are becoming its victims. Lifestyle-dietary disturbances are considered to be the main cause of these disorders, some environmental and social circumstances may also increase the risks. Health experts advise all people to make continuous efforts to keep their mind healthy. World Mental Health Day is celebrated every year on 10 October to remove social stigma around mental health problems and educate people about ways to keep the mind healthy. In a recent study conducted on the risks of mental health, researchers have made a big claim. The team of health experts said that although anyone can become a victim of mental health disorders, the risk of these diseases may be higher in the highly educated class. Let us know what could be the reason for this? Increasing risk among highly educated people. In this study conducted in England, researchers studied to understand the mental health risks in groups with different social, education and economic status. The research found that young people in England with higher education were at higher risk of depression and stress than less educated populations. In a research paper published in The Lancet Public Health, scientists said that the risk of mental health is increasing among the youth of the country. A study conducted to understand the reasons for this has revealed surprising things. What did the study find? Stress and anxiety problems were assessed among graduates and non-graduates up to the age of 25 years. The study included 4,832 youth born between 1989-90 and 6,128 participants born in 1998-99. Of these, most of those who developed mental health disorders over time were highly educated. Researchers found that socioeconomic status, parental education and alcohol consumption could potentially be contributing factors. What do researchers say? Dr Gemma Lewis (UCL Psychiatry), lead author of the study, says: "In recent years in the UK we have seen an increase in mental health problems among young people. Based on our findings, we cannot say why some students are at higher risk for depression and anxiety than their peers, but it may be related to academic or financial pressures. This is the first study to look at increased mental health risks among students. Conclusion of the study: Researchers say that perhaps one reason for over-reporting of cases could be that people with higher education groups go to doctors for help with stress-anxiety and depression, while this rate was lower among other people. Is. We need to take mental health disorders more seriously at the global level so that its risks can be reduced. Mental health problems can also increase physical health risks.



